# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली
## मध्यावधि परीक्षा अभ्यास प्रश्न-पत्र
## कक्षा - बारहवीं
## भूगोल (कोड:029)

**समय: 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 70**

**सामान्य निर्देश:**

1. इस प्रश्न पत्र में 30 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. यह प्रश्न पत्र पांच खंडों में विभाजित है। खंड-क, ख, ग, घ व ड़ हैं।
3. खंड क - प्रश्न संख्या 1 से 17 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है।
4. खंड ख - प्रश्न संख्या 18 और 19 स्रोत आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के तीन अंक का है।
5. खंड ग - प्रश्न संख्या 20 से 23 लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक प्रश्न के तीन अंक हैं। इन प्रश्नों के उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।
6. खंड घ - प्रश्न संख्या 24 से 28 दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक प्रश्न पाँच अंक का है। इन प्रश्नों के उत्तर 120 से 150 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।
7. खंड ड़- प्रश्न संख्या 29 और 30 मानचित्र आधारित प्रश्न हैं।प्रत्येक प्रश्न पाँच अंक का है ।
8. दिये गए भारत और विश्व के रेखा मानचित्रों को भर कर अपनी उत्तर पुस्तिका में नत्थी कीजिये।
9. रेखा मानचित्र बनाने के लिए टेम्पलेट या स्टेंसिल का उपयोग करने की अनुमति है।

| SECTION-A | | |
|---|---|---|
| Q.1 | एक विषय के रूप में भूगोल का मुख्य उद्देश्य है-<br>a) पृथ्वी को मानव के घर के रूप में समझना और उन सभी तत्वों का अध्ययन करना जिन्होंने उन्हें जीवित रखा है।<br>b) बौद्धिक अभ्यास के मुद्दों का अध्ययन करना।<br>c) सर्वत्र उत्पन्न मानवीय गतिविधियों के प्रभावों का अध्ययन करना।<br>d) मात्रात्मक क्रांति के प्रति असंतोष का अध्ययन करना। | 1 |
| Q.2 | यदि क्षेत्र X का क्षेत्रफल 100 वर्ग किमी है और जनसंख्या 1,50,000 व्यक्ति है, तो जनसंख्या घनत्व होगा-<br>a) 500 व्यक्ति/वर्ग किमी। | 1 |


| | | |
|---|---|---|
| | b) 1000 व्यक्ति/वर्ग किमी।<br>c) 1,500 व्यक्ति/वर्ग किमी।<br>d) 5000 व्यक्ति/वर्ग किमी। | |
| Q.3 | दो कथन हैं जिन्हें अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में चिह्नित किया गया है। नीचे दिए गए कूट के अनुसार अपना उत्तर अंकित कीजिए।<br>अभिकथन (A): लोग समतल मैदानों और मंद ढलानों पर रहना पसंद करते हैं।<br>कारण (R): गंगा के मैदान विश्व के सबसे सघन बसे हुए क्षेत्रों में से हैं।<br>कूट:<br>a) (A)और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।<br>b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।<br>c) (A) और (R) दोनों असत्य हैं।<br>d) (A) सत्य है लेकिन (R) असत्य है। | 1 |
| Q.4 | निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?<br>**उपागम** — **विशेषताएँ**<br>a) आय उपागम - मानव विकास को आय से जुड़ा हुआ माना जाता है।<br>b) कल्याण उपागम - यह मानव को सभी विकास गतिविधियों के लाभार्थी या लक्ष्य के रूप में देखता है।<br>c) बुनियादी आवश्यकता उपागम - डॉ. महबूब-उल-हक द्वारा प्रस्तावित जिसमें मानव विकल्पों पर विचार किया जाता है।<br>d) क्षमता उपागम - प्रो. अमर्त्य सेन से संबद्ध। | 1 |
| Q.5 | निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यानपूर्वक विचार करें और दिए गए विकल्पों में से कृषि के प्रकार की पहचान करें:<br>I. मध्य अक्षांशों की अर्ध-शुष्क भूमि के आंतरिक भागों में की जाती है।<br>II. गेहूँ मुख्य फसल है।<br>III. खेत का आकार बहुत बड़ा है और प्रति एकड़ उपज कम है, लेकिन प्रति व्यक्ति उपज अधिक है।<br>विकल्प:<br>a) बागानी कृषि<br>b) व्यापक वाणिज्यिक अनाज की खेती<br>c) गहन निर्वाह कृषि<br>d) मिश्रित खेती | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| Q.6 | निम्नलिखित में से कौन सा कारक 'स्वच्छंद उध्योग' की स्थापना के लिए मुख्य रूप से निम्न में से कौन सा कारक उत्तरदायी है?<br>a) सड़कों के जाल द्वारा अभिगम्यता<br>b) कच्चे माल के उत्पादक क्षेत्र से निकटता<br>c) बड़े पैमाने पर सस्ते और कुशल श्रम की उपलब्धता<br>d) बिजली की प्रचुर उपलब्धता | 1 |
| Q.7 | पहले राजस्थान, झारखंड, प्रायद्वीपीय राज्य आदि बहुत कम आबादी वाले क्षेत्र थे। अब इन क्षेत्रों में जनसंख्या का मध्यम से उच्च संकेन्द्रण है। राजस्थान में जनसंख्या के इस स्थानांतरण के लिए निम्नलिखित में से कौन सा कारक उत्तरदायी है?<br>a) सिंचाई का विकास<br>b) खनिज और ऊर्जा संसाधनों की उपलब्धता<br>c) परिवहन नेटवर्क का विकास<br>d) उद्योगों का विकास | 1 |
| Q.8 | निम्नलिखित में से किस प्रकार की बस्तियाँ मेघालय, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और केरल के कई क्षेत्रों में पाई जाती हैं?<br>a) अर्ध-गुच्छित बस्तियाँ<br>b) गुच्छित बस्तियाँ<br>c) परिक्षिप्त या एकाकी बस्तियाँ<br>d) पल्लीकृत बस्तियाँ | 1 |
| Q.9 | निम्नलिखित में से कौन से परिवर्तन अर्थव्यवस्था से संबंधित नहीं तथा भूमि उपयोग को प्रभावित करते हैं?<br>a) समय के साथ अर्थव्यवस्था का बढ़ता आकार<br>b) समय के साथ अर्थव्यवस्था की संरचना में परिवर्तन<br>c) समय के साथ कृषि गतिविधियों के योगदान में कमी<br>d) सरकारी योजनाएँ | 1 |
| Q.10 | निम्नलिखित में से कौन सा राज्य समूह भूजल का सबसे अधिक उपयोग करता है?<br>a) गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, त्रिपुरा<br>b) पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, तमिलनाडु<br>c) छत्तीसगढ़, ओडिशा, केरल, बिहार<br>d) उत्तर प्रदेश, हरियाणा, त्रिपुरा, महाराष्ट्र | 1 |
| Q.11 | स्तंभ I को स्तंभ II से सुमेलित कीजिए और दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **स्तंभ I (राज्य)** **स्तंभ II (सर्वाधिक उपलब्ध खनिज)**<br>I. राजस्थान - लिग्नाइट कोयला<br>II. केरल - पेट्रोलियम भंडार<br>III. गुजरात - थोरियम<br>IV. तमिलनाडु - बलुआ पत्थर<br>कोड -<br>I II III IV<br>a) 1 2 3 4<br>b) 2 1 3 4<br>c) 4 3 1 2<br>d) 4 3 2 1 | |
| Q.12 | निम्नलिखित में से कौन सी खनिज पेटी में छोटानागपुर (झारखंड), ओडिशा पठार, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ के कुछ भाग सम्मिलित हैं<br>a) उत्तर पूर्वी पठारी क्षेत्र<br>b) दक्षिण-पश्चिमी पठारी क्षेत्र<br>c) दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र<br>d) उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र | 1 |
| Q.13 | अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में चिह्नित दो कथन हैं। नीचे दिए गए कूट के अनुसार अपना उत्तर अंकित कीजिए।<br>अभिकथन (A): विकास शब्द का प्रयोग सामान्यतः विशिष्ट समाजों की स्थिति और उनके द्वारा अनुभव किए जाने वाले परिवर्तनों की प्रक्रिया का वर्णन करने के लिए किया जाता है।<br>कारण(**R**): विकास एक बहुआयामी अवधारणा है और अर्थव्यवस्था, समाज और पर्यावरण के सकारात्मक, अपरिवर्तनीय रूपांतरण को दर्शाता है।<br>कूट :<br>a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।<br>b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।<br>c) (A) और (R) दोनों असत्य हैं।<br>d) (A) सत्य है लेकिन (R) असत्य है। | 1 |
| Q.14 | निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्रीय नियोजन का उदाहरण नहीं है?<br>a) कृषि<br>b) पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम<br>c) सिंचाई | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | d) सामाजिक अवसंरचना | |
| | **निम्नलिखित स्रोत को ध्यान से पढ़िए और प्रश्न संख्या 15, 16 और 17 के उत्तर दीजिये।**<br>बेंदा मध्य भारत के अबूझमाड़ क्षेत्र के जंगलों में रहता है। उसके गांव में तीन झोपड़ियां हैं जो जंगल के बीच हैं । यहाँ तक कि पक्षी और आवारा कुत्ते जिनकी भीड़ प्रायः गाँवों में मिलती है, भी यहाँ दिखाई नहीं देते । छोटी लंगोटी पहने और हाथों में कुल्हाड़ी लिए वह पेंडा (वन) का सर्वेक्षण करता है जहां उसका कबीला कृषि का आदिम रूप-स्थानान्तरी कृषि करता है। बेंदा और उसके मित्र वन के छोटे टुकड़ों को जुताई के लिए जलाकर साफ करते हैं । राख का उपयोग मृदा को उर्वर बनाने के लिए किया जाता है । अपने चारों ओर खिले हुए महुआ वृक्षों को देखकर बेंदा प्रसन्न है । जैसे ही वह महुआ, पलाश और साल के वृक्षों को देखता है, जिन्होंने उसे बचपन से ही आश्रय दिया है , वह सोचता है कि इस सुन्दर ब्रह्माण्ड का अंग बनकर वह कितना सौभाग्यशाली है। विसर्पी गति से पेंडा को पार करके बेंदा नदी तक पहुँचता है। जैसे ही वह चुल्लू भर जल लेने के लिए झुकता है, उसे वन की आत्मा लोई-लुगी की प्यास बुझाने की स्वीकृति देने के लिए धन्यवाद करना याद आता है । अपने मित्रों के साथ आगे बढ़ते हुए बेंदा गूदेदार पत्तों और कंदमूल को चबाता है । । लड़के जंगल से गज्ज्हरा और कुचला को इकट्ठा करने का प्रयास कर रहे हैं। ये विशिष्ट पादप हैं जिनका प्रयोग बेंदा और उसके लोग करते हैं। वह आशा करता है कि जंगल की आत्माएं उस पर दया करेंगी और उसे इन जड़ी-बूटियों तक ले जाएंगी । ये आगामी पूर्णिमा को मधाई अथवा जनजातीय मेले में वस्तु विनिमय के लिए आवश्यक हैं । वह अपने नेत्र बंद करके स्मरण करने का कठिन प्रयत्न करता है, जो उसके बुजुर्गों ने उसे इन जड़ी बूटियों और उनके पाए जाने वाले स्थानों के बारे में समझाया था । वह चाहता है कि काश उसने अधिक ध्यानपूर्वक सुना होता । अचानक पत्तों में खडखडाहट होती है । बेंदा और उसके मित्र जानते हैं कि ये बाहरी लोग हैं जो इन जंगलों में उन्हें ढूंढते हुए यहाँ आये हैं । एक ही प्रवाही गति से बेंदा और उसके मित्र सघन वृक्षों के वितान के पीछे अदृश्य हो जाते हैं और वन की आत्मा के साथ एकाकार हो जाते हैं । | |
| Q.15 | अबूझमाड़ में रहने वाले लोगों द्वारा की जाने वाली खेती के प्रकार की पहचान कीजिए।<br>a) स्थानान्तरित कृषि<br>b) निर्वाह कृषि<br>c) बागान कृषि<br>d) मिश्रित कृषि | 1 |
| Q.16 | बेंदा का कबीला पूरी तरह से प्रकृति पर निर्भर है। यह निम्नलिखित में से किस विचार का प्रतिनिधित्व करता है? | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | a) संभववाद / प्रकृति का मानवीकरण<br>b) निश्चयवाद / मानव का प्राकृतिकीकरण<br>c) नव-निश्चयवाद<br>d) मानववाद | |
| Q17 | बेंदा के कबीले के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?<br><br>a) बेंदा कबीला प्रकृति की पूजा करता है।<br><br>b) आजीविका संग्रहण और स्थानान्तरित कृषि पर निर्भर है।<br><br>c) तकनीकी ज्ञान का स्तर बहुत कम है।<br><br>d) ये लोग बाहरी लोगों से मिलते हैं और उनसे सीखते हैं | 1 |
| **SECTION-B** | | |
| Q.18 | **प्रश्न संख्या 18 और 19 स्रोत आधारित प्रश्न हैं** | |




| | | |
|---|---|---|
| | 18.1 इंदिरा गांधी नहर का उद्गम स्थल हमें कहाँ मिलता है?<br>18.2 प्रथम चरण में लिफ्ट प्रणाली और प्रवाह प्रणाली के अंतर्गत आने वाले किसी एक-एक क्षेत्र का नाम बताइए।<br>18.3 इंदिरा गांधी नहर कमान क्षेत्र में सिंचाई के प्रसार के कारण कौन से सकारात्मक प्रभाव देखे गए हैं? किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए।<br>**नोट: दृष्टिबाधित छात्रों के लिए प्रश्न संख्या 18 के स्थान पर**<br>**18.1** इंदिरा गांधी नहर के स्रोत का नाम बताइए?<br>**18.2** चरण I की लिफ्ट प्रणाली और प्रवाह प्रणाली, प्रत्येक का एक उदाहरण दीजिए।<br>**18.3** इंदिरा गांधी नहर कमान क्षेत्र में सिंचाई के प्रसार के कारण देखे गए किन्हीं दो सकारात्मक प्रभावों का उल्लेख कीजिए। | 1+1+1=3 |
| Q.19 | जल एक पुनर्चक्रणीय संसाधन है, लेकिन इसकी उपलब्धता सीमित है और आपूर्ति व मांग के बीच का अंतर समय के साथ बढ़ता जाएगा। वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन दुनिया के कई क्षेत्रों में जल संकट की स्थिति पैदा करेगा। भारत की एक खास स्थिति उच्च जनसंख्या वृद्धि और तेज़ी से आर्थिक विकास के साथ-साथ जल की बढ़ती मांग है। के उद्देश्य से जल क्रांति अभियान भारत सरकार द्वारा 2015-16 में आरंभ किया गया था। जिसका मुख्य उद्देश्य देश में प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता के माध्यम से जल सुरक्षा सुनिश्चित करना है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में लोग पारंपरिक तरीकों से जल संरक्षण और प्रबंधन सुनिश्चित करते हैं। जल क्रांति अभियान का उद्देश्य स्थानीय निकायों, गैर सरकारी संगठनों और नागरिकों को इसके उद्देश्यों के बारे में जागरूकता पैदा करने में शामिल करना है। जल क्रांति अभियान के तहत निम्नलिखित गतिविधियाँ प्रस्तावित की गई हैं:<br>1。'जल ग्राम' बनाने के लिए देश के 672 जिलों में से प्रत्येक में एक जल संकटग्रस्त गाँव का चयन किया गया है।<br>2. देश के विभिन्न भागों में लगभग 1000 हेक्टेयर के मॉडल कमांड क्षेत्र की पहचान की गयी, उदाहरण के लिए, उत्तर प्रदेश, हरियाणा (उत्तर), कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु (दक्षिण), राजस्थान, गुजरात (पश्चिम), ओडिशा (पूर्व), मेघालय (उत्तर-पूर्व)।<br><br>3. प्रदूषण को कम करने के लिए -<br>• जल संरक्षण और कृत्रिम पुनर्भरण।<br>• भूजल प्रदूषण में कमी।<br>• देश के चुनिंदा क्षेत्रों में आर्सेनिक मुक्त कुओं का निर्माण।<br>4. सोशल मीडिया, रेडियो, टीवी, प्रिंट मीडिया, स्कूलों में पोस्टर और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं के माध्यम से जन जागरूकता पैदा करना। जल क्रांति अभियान जल सुरक्षा के माध्यम से आजीविका और खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाया गया है।<br><br>19.1 दुनिया के कई क्षेत्रों में जल संकट पैदा करने के लिए कौन सा कारक जिम्मेदार है? | 1+1+1=3 |

| | | |
|---|---|---|
| | 19.2 सरकार द्वारा भारत में "जलक्रांति अभियान" शुरू करने के पीछे कौन सा प्रेरक कारक जिम्मेदार है?<br>19.3 'जल ग्राम' बनाने का मानदंड क्या है? किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए। | |
| **SECTION-C** | | |
| Q.20 | "मानवीय क्रियाओं की छाप सर्वत्र है।" इस कथन के समर्थन में तीन बिंदु देकर इसकी व्याख्या कीजिए।<br>अथवा<br>"प्रौद्योगिकी के विकास के लिए प्रकृति का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है।" इस कथन के समर्थन में कोई तीन उदाहरण दीजिए। | 3 |
| Q.21 | "लोग ही राष्ट्र की वास्तविक संपत्ति हैं"। 'उत्पादकता' और 'सशक्तिकरण' किस प्रकार लोगों की क्षमताओं का निर्माण करने और उन्हें अपनी पसंद चुनने में सशक्त बनाने में मदद करते हैं।उदाहरण देकर समझाइए। | 3 |
| Q.22 | देश में केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा शुरू किए गए विभिन्न जलग्रहण विकास एवं प्रबंधन कार्यक्रमों की तीन प्रासंगिक बिन्दुओं के आधार पर व्याख्या कीजिए। | 3 |
| Q.23 | पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम की किन्हीं तीन महत्वपूर्ण विशेषताओं का वर्णन कीजिए।<br>अथवा<br>हिमाचल प्रदेश के भरमौर क्षेत्र में आईटीडीपी से प्राप्त किन्हीं तीन सामाजिक लाभों का वर्णन कीजिए। | 3 |
| **SECTION-D** | | |
| Q.24 | जनसंख्या घनत्व को परिभाषित कीजिए। उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से विश्व में जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले चार भौगोलिक कारकों की व्याख्या कीजिए।<br>अथवा<br>जनांकिकीय संक्रमण को परिभाषित कीजिए? जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की प्रथम अवस्था की किन्हीं चार महत्वपूर्ण विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। | 1+4=5 |
| Q.25 | मानव विकास का अर्थ स्पष्ट कीजिए। मानव विकास के स्तंभों के रूप में 'समता' और 'सतत पोषणीयता' की भूमिका का भी वर्णन कीजिए। | 5 |
| Q.26 | 'बाज़ार तक अभिगम्यता' और 'कच्चे माल तक अभिगम्यता' विश्व में उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों में से हैं। उपयुक्त उदाहरण देकर उनकी भूमिका स्पष्ट कीजिए। | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| | अथवा<br>विश्व में आधुनिक बड़े पैमाने के विनिर्माण के विकास में 'यंत्रीकरण' और 'संगठनात्मक ढाँचा एवं स्तरीकरण' की भूमिका की व्याख्या कीजिए। | |
| Q.27 | 'जनसंख्या वृद्धि' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। भारत में जनसंख्या वृद्धि के चरणों की मुख्य विशेषताएँ भी लिखिए। | 1+4=5 |
| Q.28 | ग्रामीण भारत में रहने वाले भूमिहीन और अन्य छोटे कृषकों तथा अन्य आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों के लोगों के लिए साझा संपत्ति संसाधनों के उपयोग की किन्हीं पाँच विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।<br>अथवा<br>"स्वतंत्रता के बाद, सरकार का तात्कालिक लक्ष्य खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाना था।" भारत सरकार द्वारा उठाए गए पाँच विकासात्मक कदमों का उल्लेख करते हुए इस कथन की व्याख्या कीजिए। | |
| **SECTION-E** | | |
| Q.29 | विश्व के दिए गए राजनीतिक मानचित्र पर, सात भौगोलिक आकृतियाँ A, B, C, D, E, F और G से चिह्नित हैं। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से किन्हीं पाँच को पहचानिए और प्रत्येक आकृति के पास खींची गई रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए।<br>A. विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि का क्षेत्र<br>B. निर्वाह संग्रहण का क्षेत्र<br>C. निर्वाह संग्रहण का क्षेत्र<br>D. मिश्रित खेती का क्षेत्र<br>E. वाणिज्यिक शुपालन का क्षेत्र<br>F. विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि का क्षेत्र<br>G. विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि का क्षेत्र | 5 |

<table>
<tr><td></td><td>




**नोट: दृष्टिबाधित छात्रों के लिए प्रश्न 29 के स्थान पर**

29.1 उत्तरी अमेरिका में स्थित विस्तृत व्यावसायिक अनाज खेती के एक क्षेत्र का नाम बताइए।

29.2 एशिया में स्थित निर्वाह संग्रहण के एक क्षेत्र का नाम बताइए।

29.3 दक्षिण अमेरिका में स्थित निर्वाह संग्रहण के एक क्षेत्र का नाम बताइए।

29.4 अफ्रीकी महाद्वीप में स्थित मिश्रित खेती के एक क्षेत्र का नाम बताइए।

29.5 ऑस्ट्रेलिया में स्थित व्यावसायिक पशुपालन के एक क्षेत्र का नाम बताइए।

29.6 न्यूजीलैंड में स्थित व्यापक व्यावसायिक अनाज खेती के एक क्षेत्र का नाम बताइए।

29.7 दक्षिण अमेरिका में स्थित व्यापक व्यावसायिक अनाज खेती के एक क्षेत्र का नाम बताइए।

</td><td></td></tr>
<tr><td>Q.30</td><td>

भारत के राजनीतिक रूपरेखा मानचित्र पर निम्नलिखित भौगोलिक विशेषताओं में से किन्हीं पाँच को उपयुक्त प्रतीकों द्वारा चिह्नित करें:<br>
30.1 सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य<br>
30.2 प्रमुख कपास उत्पादक राज्य<br>
30.2 बैलाडीला लौह अयस्क खदान<br>
30.4 बालाघाट मैंगनीज खदान<br>
30.5 गुजरात में स्थित एक तेल रिफाइनरी<br>
30.6 नेवेली कोयला खदान

</td><td>5</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| | 30.7 सबसे बड़ा कॉफ़ी उत्पादक राज्य | |
| | <br><br>**नोट: प्रश्न 30 के स्थान पर दृष्टिबाधित छात्रों के लिए।**<br>30.1 सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाले राज्य का नाम बताइए।<br>30.2 प्रमुख कपास उत्पादक राज्य का नाम बताइए।<br>30.2 छत्तीसगढ़ में स्थित लौह अयस्क खदान का नाम बताइए।<br>30.4 मध्य प्रदेश में स्थित मैंगनीज खदान का नाम बताइए।<br>30.5 गुजरात में स्थित एक तेल रिफाइनरी का नाम बताइए।<br>30.6 तमिलनाडु में स्थित कोयला खदान का नाम बताइए।<br>30.7 सबसे बड़े कॉफी उत्पादक राज्य का नाम बताइए। | |